


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025





गांधी-शास्त्री जयंती

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

शुभ दशहरा

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025





## 201 वर्षों से दशहरा और भंडारपुरी की राजशाही परंपरा

# भंडारपुरी में कल गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला, सीएम होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला


फाइल फोटो

सतनामी समाज के आस्था का प्रमुख केंद्र भंडारपुरी धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला गुरु दर्शन संत समागम मेला इस वर्ष भी 3 अक्टूबर को धूमधाम से आयोजित होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर जिले के भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेला में शामिल होकर एक बड़ी सभा को सबोधित करेंगे। वहीं संत समागम मेला में कई मंत्री, विधायक, सामाजिक प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

गुरु बालकदास बाबा ने राजपाठ 20 वर्ष की युवा में अपने अधीन कर लिए। गुरुजी का राज्याभिषेक पहली बार भंडारपुरी धाम दशहरा के दिन में हुआ था। राजशाही पोषक, सिर में सफेद पगड़ी जिसमें मोती लगे जैतखाम माथे को सुशोभित करते हुए, हाथ में चांदी की तलवार, तब्बल हाथी में सवार, घोड़ा, ऊंट सतनाम सेना व सतनाम आंदोलन में जुड़े मानव समाज के साथ भण्डारपूरी गुरु गद्दी में आरती पूजा कर मानव समाज को दर्शन देने के लिए रामत में निकले। पूरा मानव समाज गुरु के आशीर्वाद के लिए हजारों की संख्या में भंडारपुरी में आने लगे। तब से लेकर आज तक यहाँ राजशाही परम्परा 201 वर्षो से चली आ रही है। गुरु दर्शन मेला दशहरा मेला के दिन प्रतिवर्ष आयोजित होता है।

वर्तमान में आज भी दशहरा को गुरु घासीदास बाबा जी के पांचवें वंशज धर्म गुरु बाल साहेब एवं उनके चार पुत्रों के साथ रामत निकलते हैं। वही राजशाही ठाठ बाठ के साथ। वर्तमान में गुरु घासीदास बाबा जी के पांचवें वंशज का जन्म 18 अक्टूबर 1958 को हुआ। सतनाम धर्म व सतनाम सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष आन, बान, शान आदेशक, निर्देशक मार्गदर्शक धर्म गुरु महाराजा गुरु बाल दास बाबा एवं चार पुत्र गुरु खुशवंत साहेब, गुरु सोमेश साहेब, गुरु सौरभ साहेब और गुरु ढालदास साहेब धर्म गुरु महाराजा गुरु शूरवीर गुरु बालक दास बाबा के राजशाही पोषक हाथ में तलवार हांथी घोड़ा अंग रक्षक सतनाम सेना व मानव समाज के साथ दशहरा के दिन रामत में निकलते हैं। लाखों लोग भंडारपुरी में दर्शनार्थ उमड़ पड़ते हैं।

### गुरु बालक दास, गुरु घासीदास के द्वितीय पुत्र

धर्म गुरु महाराजा गुरु बालकदास का जन्म (18 अगस्त 1801 ई. - मृत्यु 28 मार्च 1860 ई.) महान क्रांतिकारी, समाज सुधारक, युग पुरुष और मानवाधिकार के लिए सतनाम आंदोलन के प्रणेता व सतनाम धर्म के संस्थापक गुरु घासीदास बाबा जी के द्वितीय पुत्र तथा उत्तराधिकारी थे। गुरु बालकदास का जन्म 18 अगस्त सन 1801 ई. को दक्षिण एशिया में भारत के मध्यप्रांत के छत्तीसगढ़ में स्थित सोनाखान रियासत के गिरौद गांव में गुरु घासीदास जी और सफूरा माता के पुत्र के रूप में हुआ। अपनी कम उम्र में ही इन्होंने सन 1820 ई. से चले सतनाम आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नेतृत्वकारी भूमिका निभाई। इनका सोनाखान के राजा रामराय के पुत्र वीर नारायण सिंह और आदिवासियों से मित्रतापूर्ण संबंध थे। गुरु बालकदास जी का विवाह द्वारा नवलपुर बेमेतरा के निवासी सुनहरदास चतुर्वेदी की पुत्री नीरा माता के साथ हुआ। नीरामाता, साहेब भुजबल महंत जी की बहन थी। उसी वर्ष गुरुजी ने चितेर सिलवट की बेटी राधा संग भी विवाह किए। गुरुबालकदास और राधा माता से उनके पुत्र साहेबदास जी का जन्म हुआ। गुरु घासीदास जी के विचारों का प्रभाव बचपन से ही पड़ा था। इसलिए जब सन 1820 ईस्वी में सतनामी आंदोलन प्रारंभ हुआ, तो बालकदास जी ने उसमें बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया। उनके महत्त्वपूर्ण भूमिका के कारण गुरु घासीदास जी के बाद सन 1850 में सतनामियों का प्रमुख गुरु बनाया गया।

# छग गृह निर्माण मंडल को आवंटित जमीन डायवर्सन से मुक्त, अब हो सकेंगी फ्री-होल्ड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेशवासियों को एक बड़ी सौगात देते हुए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता के मूल अधिनियम की अनुसूची 4 में योजना के स्थान पर 'योजना/विशिष्टियां' प्रतिस्थापित करने एवं '31 अक्टूबर 2024 तक गृह निर्माण मण्डल को आबंटित भूमियाँ' जोड़ा जाना अधिनियमित किया है। अब छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा सभी योजनाओं की संपत्तियों को फ्री-होल्ड में परिवर्तित किये जाने पर राजस्व विभाग के दस्तावेजों में नामांतरण सरलता से दर्ज किया जा सकेगा। यह ऐतिहासिक निर्णय 26 नवंबर, 2024 को आयोजित कैबिनेट की बैठक में लिया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 22 सितंबर, 2025 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया है।

### वित्तीय बाधाओं का करना पड़ता था सामना

इस आदेश के पूर्व, फ्रीहोल्ड के पश्चात जब हितग्राही राजस्व अभिलेखों में नामांतरण के लिए आवेदन देते थे, तब भूमि स्वामी के रूप में उनका नाम तो दर्ज हो जाता था, किंतु भू-प्रयोग में सुधार नहीं होने के कारण वह भूमि तब भी "कृषि" अथवा "शासकीय" रूप में प्रदर्शित होती थी। इससे हितग्राहियों को व्यपवर्तन की जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था तथा उन्हें प्रीमियम, वार्षिक पुनरीक्षित भू-राजस्व, अधोसंरचना उपकर, पर्यावरण उपकर एवं अर्थदंड जैसी अतिरिक्त वित्तीय बाधाओं का सामना करना पड़ता था। इस निर्णय से अब ऐसे सभी प्रकरणों में भू-स्वामित्व एवं भू-प्रयोग को 'आवासीय' में परिवर्तित किया जा सकेगा। यह उन सभी आबंटियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा, जो वर्षों से अपनी संपत्तियों को फ्रीहोल्ड कराने के प्रयास कर रहे थे।

### दूरदर्शी निर्णय- सिंहदेव



अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अनुराग सिंह देव ने कहा, प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में लिया गया यह निर्णय दूरदर्शी और ऐतिहासिक है। इससे हजारों आबंटी लाभान्वित होंगे, जिन्हें अब उनकी संपत्तियों पर पूर्ण मालिकाना हक प्राप्त होगा। यह निर्णय सरकार की आमजनों के प्रति प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

### कठिनाइयों को दूर कर दिया गया, राहत- चौधरी



मंत्री, आवास एवं पर्यावरण विभाग, ओपी चौधरी ने कहा, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भू राजस्व संहिता में संशोधन कर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के हितग्राहियों को फ्रीहोल्ड में हो रही कठिनाईयों को पूर्ण रूप से दूर करते हुए वित्तीय राहत भी दिया गया है। अब हितग्राहियों को व्यपवर्तन हेतु कोई राशि देय नहीं होगा। इससे वे आबंटी जो वर्षों से अपनी संपत्तियों को फ्रीहोल्ड कराने में अड़चनों का सामना कर रहे थे, अब उन्हें स्थायी समाधान मिलेगा।

**लाख तोड़ने गए युवक की करंट की चपेट में आने से मौतः कवर्धा।** जिले के पंडरिया थाना क्षेत्रांतर्गत लाख तोड़ने जा रहे एक ग्रामीण की ग्राम गौरकांपा खार में करंट की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। थाना पंडरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गौरकांपा खार में दीपक नेताम पिता भुखन नेताम आयु 25 वर्ष निवासी सांवरापारा पंडरिया, लाख तोड़ने के लिए बाइक से गया था। इसी दौरान खेत में नीचे गिरी हुई बिजली की तार को वह देख नहीं पाया और करंट की चपेट में आ गया।






haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

विजय दशमी आज

भद्रा व पंचक रहित विजयदशमी

## 6 बजकर 5 मिनट पर अस्त होगा सूर्य, इसके पश्चात प्रदोष काल में रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बुधवार को शाम के 7 बजकर 2 मिनट से दशमी तिथि का आरंभ हो गई है। पंचांग के अनुसार, 2 अक्टूबर के दिन शाम के 7 बजकर 2 मिनट पर दशमी तिथि का समापन होगा। उदया तिथि के आधार पर देशभर में रावण दहन आज होगा। रावण दहन प्रदोष काल के दौरान किया जाता है। इस साल भी प्रदोष काल यानि सूर्योस्त के बाद ही रावण दहन किया जाएगा। हिंदू पंचांग के अनुसार 2 अक्टूबर को सूर्यास्त शाम 6 बजकर 5 मिनट पर हो जाएगा। ▶▶|शेष पेज 8 पर

### पूजन मुहूर्त

- ब्रह्म मुहूर्त: तड़के 4:53 मिनट से 5:41 मिनट तक
- प्रातः संध्या: सुबह 5:17 मिनट से 6:29 मिनट तक
- अभिजीत मुहूर्त: दोपहर 12:04 मिनट से 12:51 मिनट तक
- विजय मुहूर्त: दोपहर 02:27 मिनट से 03:15 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त: शाम 06:26 मिनट से 06:50 मिनट तक

रामलीला का मंचन आकर्षण, जिसमें रामायण के यह खंड का वर्णन

## न आसमां, न जमीं... पानी में रावण वध!

संजय साहू ▶▶| अंडा



दुर्ग जिले में ग्राम अंडा से लगा गांव है सिरसिदा, जहां रावण दहन की एक अनोखी परंपरा है। 27 साल पहले गांव के लोगों ने तय किया कि रावण न तो आसमान में मरता है न जमीन पर, इसलिए कुछ नया करने के उद्देश्य से रावण दहन की परंपरा को पानी में करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए गांव में डबरीनुमा जगह की तलाश की गई। भूरी डबरी नामक इस जगह पर में मंच और सांस्कृतिक भवन का निर्माण कराया गया। जहां रावण के पुतले का दहन शुरू किया गया। यह परंपरा आज भी चल रही है। वर्तमान में भवन जर्जर होने की वजह से ट्यूब और टीपे ▶▶|शेष पेज 8 पर

## 365 साल पुरानी परंपरा, देवी देवताओं का स्वागत, पर रावण दहन नहीं

रत्नेश सोनी ▶▶| महासमुंद

365 साल पुरानी परंपरा के चलते आज भी जिले के कोमाखान स्थित सुअरमालगढ़ में रावण दहन नहीं होता। दरअसल, 36 गढ़ों में से एक इस गढ़ के राज परिवार की यह 8वीं पीढ़ी है, जो इस परंपरा का अनुसरण करती आ रही है और इस संस्कृति की वाहक भी है। विजयादशमी पर यहां रावण दहन की बजाय राजशाही दशहरा मनाया जाता है। स्थानीय इतिहासकारों ▶▶|शेष पेज 8 पर



### देवी देवताओं का राजमहल में स्वागत

इतिहासकार विजय शर्मा बताते है कि गोढ़ी परंपरा के अनुरुप दशमी के दिन देवी देवताओं का स्वागत राजमहल में होता है। जहां राजा की तलवार (खाड़ा) पूजन कर विजया दशमी का पर्व मनाया ▶▶|शेष पेज 8 पर



## रोज होती है रावण की पूजा

टेकचंद कारडा ▶▶| तखतपुर

तखतपुर क्षेत्र के रावण भाठा में आज भी रावण की हर रोज पूजा होती है। इस क्षेत्र में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के साथ ही हनुमान जी भी विराजमान हैं। दशहरे के दिन यहां प्रतिवर्ष भव्य मेला लगता है और वैश्य समाज द्वारा रावण का पुतला बनाकर विधिविधान के साथ असत्य पर सत्य की जीत का पर्व मनाया जाता है। यहां रावण दहन के बाद पूरे शहर में रावण दहन करने की परंपरा है।

रावण भाठा में रावण और भगवान की बनी मूर्तियां दोनों आमने सामने इस तरह बनाई गई है जिसमें रावण और राम के युद्ध को दिखाया गया है। हर दिन यहां पूजें जाने वाले भगवान श्रीराम के साथ पूजा करने वाला व्यक्ति रावण की भी पूजा करते है। ▶▶|शेष पेज 8 पर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पर शताब्दी समारोह

# पीएम मोदी बोले- हमलों के बावजूद राष्ट्र निर्माण के ध्येय से नहीं डिगा आरएसएस

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की पूरी होने जा रही शताब्दी के अवसर पर बुधवार को आरएसएस की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधों और साजिशों के बावजूद संगठन ने कभी कटुता नहीं दिखाई क्योंकि यह 'राष्ट्र प्रथम' के सिद्धांत पर काम करता रहा। संघ के 100 साल के मौके पर प्रधानमंत्री ने विशेष स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण में संघ के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि संघ जाति या पंथ के भेदभाव को दूर करके सद्भाव को बढ़ावा देने और एक समावेशी समाज का संदेश फैलाने के लक्ष्य के साथ देश के कोने-कोने तक पहुचा है।

मोदी ने कहा, संघ ने अंग्रेजों के अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। उनका एकमात्र हित हमेशा राष्ट्र के प्रति प्रेम रहा है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने स्वतंत्रता सेनानियों को शरण दी और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान इसके नेता जेल भी गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आरोप लगाकर और झूठे मामले दर्ज करके आरएसएस की भावना को कुचलने के कई प्रयास किए गए हैं। उन्होंने महात्मा गांधी की हत्या के बाद आरएसएस पर लगे प्रतिबंध का स्पष्ट संदर्भ देते हुए कहा, आरएसएस ने अपने खिलाफ झूठे मामले दर्ज होने, लगाये गये प्रतिबंध लगाने और अन्य चुनौतियों के बावजूद कभी कटुता ▶▶|शेष पेज 8 पर

### विशेष डाक टिकट स्मारक सिक्का

प्रधानमंत्री ने आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष डाक टिकट और एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा, 100 रुपए के सिक्के पर एक तरफ राष्ट्रीय चिन्ह है, तो दूसरी तरफ सिंह पर विराजमान भारत माता की छवि जबकि स्वयंसेवक भक्ति और समर्पण के साथ उनके सामने नतमस्तक होते दिख रहे हैं। उन्होंने कहा, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार भारतीय मुद्रा पर भारत माता की छवि अंकित की गई है, जो अत्यंत गौरव और ऐतिहासिक महत्व का क्षण है।

### मोदी बोले

- आरएसएस के 100 साल को राष्ट्र साधना का 100 साल बताया
- देश के सामने मौजूदा चुनौतियों से निपटने का भी बनाया है रोडमैप



### विजयदशमी पर पूरे होंगे 100 साल

प्रधानमंत्री ने कहा कि 100 साल पहले विजयदशमी के दिन आरएसएस की स्थापना मात्र एक संयोग नहीं था, बल्कि यह हजारों वर्षों से चली आ रही एक परंपरा का पुनरुत्थान था। उन्होंने कहा, संघ अपनी स्थापना के समय से ही देशभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। मोदी ने कहा कि आरएसएस 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' में विश्वास करता है, हालांकि स्वतंत्रता के बाद इसे राष्ट्रीय मुख्यधारा में शामिल होने से रोकने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा, विविधता में एकता हमेशा से भारत की आत्मा रही है, अगर यह सिद्धांत टूटा तो भारत कमजोर हो जाएगा। चुनौतियों के बावजूद, आरएसएस मजबूती से खड़ा है और राष्ट्र की अथक सेवा कर रहा है।

### बदलती डेमोग्राफी घुसपैठ से भी ज्यादा खतरनाक

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत की एकता और सामाजिक समरसता के सामने बाहरी घुसपैठ से भी बड़ा खतरा देश के भीतर हो रहा जनसांख्यिकीय परिवर्तन है। पीएम मोदी ने चेतावनी दी कि घुसपैठ और बाहरी ताकतों ने लंबे समय से देश की एकता के लिए खतरा पैदा किया है, लेकिन आज बड़ी चुनौती जनसांख्यिकीय परिवर्तन से आ रही है जो सामाजिक समानता को कमजोर कर रहे हैं।

### लोगों का स्नेह और समर्थन : होसबाले

*आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि आरएसएस ने पिछले 100 वर्षों से, विरोध के बावजूद, जनता के स्नेह के कारण, सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बनने का प्रयास किया है। होसबाले की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आरएसएस की शताब्दी के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट और एक सिक्का जारी करने से कुछ मिनट पहले आई। उन्होंने इस कदम के लिए सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह संघ के 'निःस्वार्थ' कार्यों को मान्यता प्रदान करने के समान है। होसबाले ने कहा कि संघ और उसके स्वयंसेवक 1925 में विजयादशमी के अवसर पर डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा इसकी स्थापना किए जाने के बाद से ही व्यक्तियों के चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के अपने मिशन पर बिना किसी स्वार्थ के काम कर रहे हैं।*

अफसरों के साथ सीएम की मैराथन बैठक

## जेम पोर्टल से खरीदी में गड़बड़ी पर होगी कार्रवाई, अच्छे कामों की सराहना भी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को राज्य सरकार के विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों की मैराथन बैठक ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने विभागीय सचिवों से कहा कि आप सभी जनता की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें और उनका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सतत मॉनिटरिंग और नियमित प्रवास से विकास की गति बढ़ती है। प्रभारी सचिव अपने-अपने प्रभार वाले जिलों का हर दो माह में दौरा कर योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा करें। श्री साय ने गड़बड़ियों पर सख्ती दिखाई तो अच्छे कामों को सराहा भी।

उन्होंने विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में आगे बढ़ने के लिए अधिकारियों को ▶▶|शेष पेज 8 पर

### रजत जयंती मनेगी अटल निर्माण वर्ष के रूप में

*मुख्यमंत्री ने कहा कि पूंजीगत व्यय से राज्य की आधारभूत संरचना मजबूत होती है और दीर्घकालिक विकास की नींव पड़ती है। उन्होंने कम पूंजीगत व्यय वाले विभागों को कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश के रजत जयंती वर्ष को "अटल निर्माण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक प्रावधान किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में प्रावधानित कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति समय पर दी जाए, स्वीकृत कार्यों के टेंडर शीघ्र जारी हों और* ▶▶|शेष पेज 8 पर

### मंत्रालय में बायोमैट्रिक अटेंडेंस 1 दिसंबर से

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंत्रालय के कामकाज में कसावट लाने के उद्देश्य से 1 दिसंबर से बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय पर कार्यालय पहुँचें और अपने अधीनस्थों को भी समयपालन के लिए प्रेरित करें। मुख्य सचिव विकासशील ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि 1 दिसंबर से मंत्रालय में उप सचिव स्तर से वरिष्ठ अधिकारियों तक के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस प्रणाली लागू होगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव विकास शील, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत सहित सभी विभागीय सचिव और विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 15 रुपए महंगा



**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में बुधवार को तीन प्रतिशत से अधिक और वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 15.50 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। तेल विपणन कंपनियों ने वैश्विक मानकों के अनुसार ईंधन की कीमतों में यह संशोधन किया।

### खड़े ट्रक से टकराई कार, छह की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के तितावी क्षेत्र में बुधवार को एक कार के खड़े ट्रक से जा टकराने से तीन महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान मोहिनी (44), अंजू (30), विम्मी (35), राजेंद्र (50), शिवा (30, चालक) और पीयूष (30) के रूप में हुई है।

### महाराष्ट्र में अब 24 घंटे सातों दिन खुलेंगे दुकान

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए राज्य की सभी दुकानों और प्रतिष्ठानों को 24 घंटे और सातों दिन खुले रखने की अनुमति दी है। हालांकि, शराब बेचने या परोसने वाली दुकानों - जैसे परमिट रूम, बीयर बार और वाइन शॉप्स - को इस नियम से बाहर रखा गया है। राज्य के उद्योग, ऊर्जा, श्रम और खनन विभाग ने इस निर्णय के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए परिपत्र जारी किया है।

राज्य सरकार ने 20 साल पुराने नियम में किया बदलाव

## गोठान बनेंगे गोधाम, मिलेगा 25 लाख रुपए अनुदान गड़बड़ी पर दंड का प्रावधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनाए गए गोठान अब गोधाम बनाए जाएंगे। राज्य सरकार ने इस बदलाव के लिए छत्तीसगढ़ गो सेवा आयोग अधिनियम के तहत छत्तीसगढ़ गो सेवा आयोग नियम, 2005 में संशोधन किया है। खास बात ये है कि गोधाम के संचालन के लिए साल में 25 लाख रुपयों तक का अनुदान दिया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने पर कड़े दंड का प्रावधान भी किया गया है।

राज्य सरकार के पशुधन विकास विभाग ने गोठानों को गोधाम बनाने के लिए गो सेवा आयोग के 20 साल पुराने नियम में बदलाव ▶▶|शेष पेज 8 पर

### किस काम के लिए कितनी राशि

गोधाम संचालन के लिए अलग-अलग काम के लिए राशि का प्रावधान भी किया गया है। नस्ल सुधार (सेक्स सोर्टेड सीमेन के उपयोग से) हेतु रुपए 1,50 लाख रुपए। चारा विकास हेतु रुपए 47 हजार रुपए प्रति एकड़ (अधिकतम 5 एकड़ हेतु)। विद्युत चलित चारा कुट्टी मशीन हेतु प्रथम वर्ष में अधिकतम रूपये 50 हजार रुपए। निर्मित अधोसंरचना की मरम्मत या मूल भूत अधोसंरचना हेतु प्रथम वर्ष में अधिकतम रुपए 5.00 लाख। कुल अनुदान की अधिकतम सीमा रुपए 25 लाख प्रतिवर्ष होगी।

### गड़बड़ी पर मिलेगा दंड

नियम में ये भी साफ किया गया है कि गोधाम संचालन के लिए चयनित संस्था द्वारा धोखाधड़ी या दुर्विनियोग किये जाने की दशा में संस्था का अनुबंध तत्काल समाप्त करते हुए अमानत राशि को जब्त कर भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2023 का 45) के अनुसार दण्ड का प्रावधान होगा एवं गोधाम संचालन के लिए नियमानुसार अन्य संस्था को दिया जायेगा।

### गोठान की जमीन, चरागाह पर नहीं होगा अधिकार

गोधाम संचालित करने वाली चयनित संस्था को, उपलब्ध कराई गई भूमि, निर्मित अधोसंरचना एवं चरागाह पर कोई भी अधिकार नहीं होगा। इसके साथ ही संरक्षित पशुओं के पालन पोषण हेतु प्रथम वर्ष में 10 रुपए प्रतिदिन प्रति इकाई, द्वितीय वर्ष में 20 रुपए प्रतिदिन प्रति इकाई, तृतीय वर्ष में 30 रुपए प्रतिदिन प्रति इकाई एवं चतुर्थ वर्ष से 35 रुपए प्रतिदिन प्रति इकाई की दर से अनुदान स्वीकृत किया जायेगा।

### जवारा विसर्जन



**रायपुर।** नवरात्रि की नवमी पर जवारा विसर्जन किया गया। इस दौरान राजधानी रायपुर में आस्था और भक्ति का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में प्रसाद अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार के मंगल की कामना की। भक्तों ने जवारा विसर्जन के साथ नवरात्रि का समापन किया और माता रानी का आशीर्वाद लिया।

आरबीआई ने रेपो को 5.5 फीसदी पर रखा स्थिर

## न सस्ता होगा लोन और न ही बढ़ेगी ईएमआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरबीआई से त्योहारी सीजन में बड़े गिफ्ट का इंतजार कर रहे लोगों को झटका लगा है। केंद्रीय बैंक ने 1 अक्टूबर को रेपो रेट में कमी नहीं की। इससे फिलहाल होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन सस्ते नहीं होंगे। हालांकि जीएसटी के रेट्स घटने से कार की कीमतें कम हुई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने उम्मीद के मुताबिक बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा। अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के साथ-साथ पूर्व में नीतिगत दर में ▶▶|शेष पेज 8 पर

### यूपीआई में नहीं लगेगा कोई चार्ज

यूपीआई यूजर्स की एक बड़ी चिंता 1 अक्टूबर को दूर हो गई। आरबीआई ने कहा कि यूपीआई ट्रांजेक्शंस पर चार्ज लगाने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मॉनेटरी पॉलिसी पेश करने के दौरान इस बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यूपीआई यूजर्स के लिए फ्री बना रहेगा। यूपीआई यूजर्स ट्रांजेक्शंस पर चार्ज लगने की चर्चा से चिंतित थे।

एमएम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025

## मुकेश देश के सबसे अमीर शख्स लिस्ट में शाहरुख की भी हुई एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

मुकेश अंबानी एक बार फिर भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। 9.55 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ उन्होंने शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। एम3एम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 जारी हो गई है, जिसमें भारत के अमीरों की संख्या में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। देश में अब 350 से अधिक अरबपति हैं, जो पिछले 13 वर्षों में छह गुना से ज्यादा की वृद्धि दर्शाता है। इनकी कुल संपत्ति 167 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई, जो भारत के जीडीपी का करीब आधा है। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने फिर टॉप स्पॉट ▶▶|शेष पेज 8 पर



### गौतम अदाणी दूसरे नंबर पर

अदाणी ग्रुप के संस्थापक गौतम अदाणी और परिवार की संपत्ति 8.15 लाख करोड़ रुपए है। वे दूसरे स्थान पर कायम हैं, हालांकि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद उनकी हार्बर और एनर्जी प्रोजेक्ट्स ने स्थिरता दी। अदाणी ने हाल ही में ग्रीन हाइड्रोजन पर फोकस बढ़ाया, जो उनकी संपत्ति वृद्धि का राज है।

### युवा अरबपति और उभरते ट्रेंड्स

31 साल के अरविंद श्रीनिवास, पेरप्लेक्सिटी के फाउंडर, 21,190 करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ सबसे युवा अरबपति बने। लिस्ट में आईटी, एनर्जी और एंटरटेनमेंट सेक्टर का दबदबा है। हुरुन के चेयरमैन रुपर्ट हगेवर ने कहा, भारत की अर्थव्यवस्था की रफ्तार अमीरों की संख्या में झलक रही है। हालांकि, वैश्विक मंदी के बावजूद यह वृद्धि प्रोत्साहन देने वाली है।

देवभोग के डोहेल में आपदा

## आकाशीय बिजली से दो महिलाओं की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले में आकाशीय बिजली गाज गिरने से दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, साथ में बैठी गर्भवती महिला और एक बच्चे समेत 3 लोग बाल-बाल बचे। इस घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। पूरा मामला देवभोग थाना क्षेत्र के ग्राम डोहेल गांव का है।

बुधवार दोपहर ग्राम डोहेल में महिलाएं घर के बाहर पेड़ के नीचे बैठी थी, तभी अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 43 वर्षीय डीलेश्वरी दुर्गा और ▶▶|शेष पेज 8 पर

### गर्भवती समेत तीन की जान बची

साथ में बैठी गर्भवती महिला, एक बच्चे समेत 3 लोग बाल-बाल बचे। उपचार के लिए इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने भारी भीड़ लगी हुई है।

अमेरिका के एच-1बी वीजा का जवाब माना जा रहा है इसे

# चीन ने लॉन्च किया के-वीजा, बिना स्पांसरशिप भी मिलेगी जॉब

## ट्रंप द्वारा वीजा चार्ज बढ़ाने से विदेशियों की बढ़ गई है मुश्किल

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन ने बुधवार को नए के-वीजा कैटेगरी को लॉन्च किया, जिसे अमेरिका के एच-1बी वीजा का जवाब माना जा रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ाकर एक लाख डॉलर कर दी है। इस वजह से अब अमेरिकी कंपनियों के लिए विदेशी वर्कर्स को हायर करना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में अब चीन के-वीजा के जरिए उन लोगों को अपने यहां लाना चाहता है, जिन्हें अमेरिका में जॉब के लिए एच-1बी वीजा पाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में आइए जानते हैं के-वीजा क्या है, ये किसको मिलेगा, इसके फायदे क्या हैं, इसे लेकर चुनौतियां क्या हैं? कुल मिलाकर 5 ऐसे सवाल हैं, जिनके जवाब जानना जरूरी है।

### क्या है के-वीजा

चीन ने के-वीजा को अगस्त में पेश किया था, जिसका मकसद उन प्रोफेशनल्स और युवाओं को देश में लाना है, जिन्होंने एसटीईएम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स) की पढ़ाई की है। उन्हें बिना जॉब ऑफर के देश में आने की इजाजत होगी, ताकि वे यहां नौकरी ढूंढ सकें। केपीएमजी के विश्लेषण के मुताबिक, चीन ने 2013 में ही हाई स्किल वाले प्रोफेशनल्स के लिए आर वीजा लॉन्च किया था, लेकिन के-वीजा खासतौर पर साइंस और टेक्नोलॉजी से जुड़े लोगों को लाने के लिए लाया गया है।

### कौन कर सकता है क्वालिफाई?

जिन भी विदेशी ग्रेजुएट्स के पास एसटीईएम फील्ड से जुड़ी बैचलर्स या उससे ऊपर की डिग्री है, वे के-वीजा हासिल कर सकते हैं। उनकी डिग्री किसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी या रिसर्च सेंटर से होनी चाहिए। इसके अलावा अगर कोई युवा प्रोफेशनल्स एसटीईएम फील्ड में टीचिंग या रिसर्च कर रहा है, तो उसे भी चीन के-वीजा देकर देश में बुलाने वाला है। इसका मुख्य मकसद ही टेक सेक्टर में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाना है, ताकि अमेरिका को टक्कर दी जा सके।




### के-वीजा के फायदे

- वीजा अवधि : के-वीजा के जरिए काफी फ्लेक्सिबिलिटी दी जाएगी। अन्य वीजा कैटेगरी के मुकाबले के-वीजा पाने वाले शख्स की वीजा अवधि भी ज्यादा होने वाली है
- ज्यादा चीजें करने की इजाजत : के-वीजा होल्डर चीन में एजुकेशनल, साइंटिफिक, टेक्नोलॉजिकल, कल्चरल, आंत्रप्रेन्योरशिप जैसे काम कर सकता है
- एंट्री की शर्तें : के-वीजा के लिए स्थानीय कंपनी से स्पांसरशिप की जरूरत नहीं होगी। वीजा देने के लिए आवेदक की पढ़ाई और वर्क एक्सपीरियंस को देखा जाएगा

### क्या एच-1बी का जवाब बन सकेगा के-वीजा?

के-वीजा उन लोगों के लिए बेहतर ऑप्शन है, जो अमेरिका के अलावा किसी और देश में जॉब की तलाश में हैं। अमेरिका के आयोवा राज्य के इमिग्रेशन वकील मैट मौंटेल-मेडिसी ने रॉयटर्स से बात करते हुए कहा, 'प्रतीकात्मकता शक्तिशाली है: अमेरिका बाधाएं बढ़ा रहा है, चीन उन्हें कम कर रहा है।' अमेरिका में एच-1बी वीजा फीस बढ़ने के बाद जो लोग यहां जॉब के लिए नहीं जा पाएंगे, उनके लिए चीन ने अपने दरवाजे खोल दिए हैं।

### के-वीजा की चुनौतियां

चीन के के-वीजा प्रोग्राम को लागू करने में कई बाधाएं आ रही हैं। चीनी अधिकारियों ने उम्र, एजुकेशनल क्वालिफिकेशन और वर्क एक्सपीरियंस से संबंधित अस्पष्ट शर्तें निर्धारित की हैं। इस वीजा के जरिए मिलने वाली सैलरी, जॉब प्लेसमेंट और लंबे समय तक देश में रहने की इजाजत को लेकर भी साफ नियम नहीं बताए गए हैं। चीन में बहुत मुश्किल से ही नागरिकता दी जाती है, इसके उलट अमेरिका सभी को नागरिकता देता है। चीन में ज्यादातर कंपनियों में मंदारिन भाषा बोली जाती है। इस वजह से भी विदेशी वर्कर्स को यहां जॉब करने में दिक्कत हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### स्वयंभू विश्वगुरु अब बेनक़ाब हो चुके : रमेश

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और



राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भारत के हितों के विपरीत रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए मोदी सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला बोला है। रमेश ने कहा कि स्वयंभू विश्वगुरु और उनके चेले अब पूरी तरह से बेनक़ाब हो चुके हैं।' रमेश ने कहा कि मोदी सरकार बार-बार भारत को "विश्वगुरु' कहने का दावा करती रही है, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत के हितों से जुड़े अहम मोर्चों पर वह असहाय दिख रही है।

### बरेली हिंसा : तौकीर के मददगार 81 गिरफ्तार

**बरेली।** यूपी के बरेली में पिछले शुक्रवार को हुई हिंसा की साजिश



के तार मौलाना तौकीर रजा से जुड़े पाए गए। पुलिस और प्रशासन ने तौकीर रजा और उनके मददगारों पर अब तक का सबसे बड़ा अभियान छेड़ दिया है। अब तक 81 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। तीन आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ लिया। यही नहीं, तौकीर रजा के करीबियों के ठिकानों पर बुलडोजर भी चलना शुरू हो गया है। सीसीटीवी फुटेज और ड्रोन कैमरे की फुटेज से बाकी आरोपियों की भी पहचान की जा रही है।

### मालेगांव केस, चार आरोपियों के खिलाफ आरोप तय

**मुंबई।** मालेगांव ब्लास्ट केस में 19 साल बाद मुंबई की एक विशेष



अदालत ने मंगलवार को चार आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए है। इन आरोपियों के खिलाफ एनआईए ने आरोपपत्र दाखिल किया था। मालेगांव शहर में हुए चार विस्फोटों में 31 लोगों की मौत हुई थी। आरोपी मनोहर नरवारिया, राजेंद्र चौधरी, धन सिंह और लोकेश शर्मा ने आरोपों से इनकार किया। स्पेशल जज सीएस बाविस्कर ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की हत्या और आपराधिक साजिश सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए।

बिहार एसआईआर : चुनाव आयोग पर डेटा पारदर्शिता न बरतने के लग रहे आरोप

# विपक्ष का आरोप- मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी, लाखों का नाम कटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया के बाद विपक्षी इंडिया ब्लाक दलों ने जमीनी स्तर पर बड़े पैमाने पर बूथ लेवल वेरिफिकेशन कैंपेन शुरू कर दिया है। राजद से लेकर सीपीआई-एमएल तक सभी दल अपने बूथ लेवल एजेंट्स (बीएलएएस) के जरिए वोटर लिस्ट की जांच में जुटे हैं। विपक्ष का आरोप है कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है और लाखों लोगों का नाम कट गया है। वहीं, चुनाव आयोग पर डेटा पारदर्शिता न बरतने के आरोप लगाए जा रहे हैं। राजद ने बक्सर से वेरिफिकेशन की शुरुआत की। सांसद सुधाकर सिंह की निगरानी में 30 सितंबर की रात से ही बूथ स्तर पर बीएलएएस को मतदाता सूची सौंप दी गई।



### 48 घंटे में आपत्ति दाखिल करेगी आरजेडी

राजद का कहना है कि वोटर लिस्ट मशीन रीडेबल नहीं है। अगर डेटा मशीन रीडेबल होता तो डबल एंट्री, एपिक नंबर के आधार पर जोड़-घटाव और 100 साल से अधिक उम्र वालों के नाम की छंटनी करना आसान होता। सुधाकर ने बताया कि पार्टी ने पिछले तीन महीनों में अपने बीएलएएस को ट्रेनिंग दी थी और अब वे अगले 48 घंटों में यह प्रक्रिया पूरी कर आपत्तियां दाखिल करेंगे।

### मैक्रो डेटा हकीकत छिपा रहा : सीपीआई-एमएल

सीपीआई-एमएल ने भी अपने गढ़ वाले इलाकों में बीएलएएस को लगाया है। महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि मैक्रो डेटा हकीकत छिपा रहा है। उनका कहना है कि महिलाओं के नाम असमानुपातिक रूप से काटे गए हैं और फार्म 6 का इस्तेमाल अब उन मतदाताओं के लिए भी अनिवार्य कर दिया गया है जिनके नाम सूची से हटा दिए गए थे। इतने बड़े अभ्यास के लिए चुनाव आयोग ने सिर्फ सर्कुलर और प्रेस रिलीज जारी की, किसी राजनीतिक दल से चर्चा नहीं की। सीपीआई-एमएल ने त्योहारों के समय डेटा जारी करने पर भी सवाल उठाया। पार्टी का कहना है कि जब बीएलएएस और कार्यकर्ता त्योहारों में व्यस्त हैं, तब इतने सीमित समय में डेटा की जांच और आपत्तियां दाखिल करना कठिन है।

### 5 लाख अतिरिक्त नाम कहां से आए : यादव

चुनावी विश्लेषक योगेंद्र यादव ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि एसआईआर प्रक्रिया के मूल स्वरूप में बिहार के 1.5 करोड़ मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा सकता था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में चुनाव आयोग ने अपनी ही गाइडलाइन बदली और वंशावली क्लॉज के तहत लगभग 77% मतदाताओं को छूट दी। यादव ने फार्म 6 के जरिए नए नाम जुड़ने पर भी संदेह जताया। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने में नए मतदाताओं की संख्या 16 लाख से बढ़कर 21 लाख हो गई। सवाल यह है कि ये 5 लाख अतिरिक्त नाम कहां से आए।



*6.9 तीव्रता, कई लोग दबे हैं मलबे में*

# फिलीपींस में भूकंप, कई इमारतें ढहीं, 60 की मौत



एजेंसी ▶▶| मनीला

फिलीपींस में 6.9 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसने देश के कई हिस्सों में तबाही मचाई। इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई इमारतें ढह गईं और 60 लोगों की मौत हो गई। भूकंप के केंद्र और प्रभावित क्षेत्रों का विवरण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन शुरुआती रिपोर्ट्स में भारी नुकसान और हताहतों की पुष्टि हुई है। अधिकारी ने बताया कि स्थानीय समयानुसार दोपहर बाद कई इलाकों में भूकंप के तेज झटके महसूस हुए, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों-ऑफिस से बाहर निकल आए। भूकंप के झटके इतने तीव्र थे कि कई इमारतें, खासकर पुरानी संरचनाएं, पूरी तरह ढह गईं. इससे कई लोग मलबे में दब गए।

### बढ़ सकती है मृतकों की संख्या

फिलीपींस के आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव टीमें दिन-रात काम कर रही हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि कई लोग अभी भी लापता हैं। जबकि घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है, जहां चिकित्सा टीमें उनकी देखभाल में जुटी हैं।

# सिंगर जुबिन के मैनेजर इवेंट ऑर्गेनाइजर को पुलिस ने पकड़ा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

असम के फेमस सिंगर जुबिन गर्ग की मौत की मिस्ट्री पर सस्पेंस बरकरार है। सिंगर की मौत की वजह सामने लाने के लिए बारीकी से जांच की जा रही है। अब इस मामले में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को नॉर्थ ईस्ट इंडिया

### मौत को लेकर होगी पूछताछ

फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत और जुबिन गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा को उनकी मौत से जुड़े मामले में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत को सिंगापुर से लौटने के तुरंत बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर लगभग आधी रात को गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर जुबिन गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा को गुरुग्राम के एक फ्लैट से गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, सिद्धार्थ शर्मा और श्यामकानु महंत दोनों को ही गुवाहाटी ले जाया गया है।

### लुकआउट नोटिस हुए थे जारी

बता दें कि पिछले हफ्ते दोनों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किए गए थे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि श्यामकानु महंत और मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा दोनों को 6 अक्टूबर को गुवाहाटी में जांच टीम के सामने अपने बयान दर्ज कराने होंगे। इसी सिलसिले में उन दोनों को गिरफ्तार करके गुवाहाटी ले जाया गया है। असम सरकार ने जुबिन गर्ग की मौत की जांच के लिए विशेष पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एमपी गुप्ता की अध्यक्षता में 10 लोगों की एक स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई है।

## पुतिन दिसंबर में आएंगे हिन्दुस्तान!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रूस से तेल आयात को लेकर अमेरिका से चल रहे तनाव के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द ही भारत आने वाले



हैं। इस दौरे की तारीख सामने आ गई है। पुतिन का भारत दौरा 5-6 दिसंबर को हो सकता है। इस दौरान उनकी मुलाकात पीएम नरेंद्र मोदी से भी होगी। रूसी राष्ट्रपति पुतिन के भारत शिखर सम्मेलन के लिए आने की उम्मीद है। भारत और रूस के बीच दशकों से संबंध अच्छे रहे हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीदने को लेकर दिखाई गई सख्ती से मॉस्को और नई दिल्ली के बीच संबंध और बेहतर हो गए हैं। दरअसल, ट्रंप पिछले कई सालों से चल रहे रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को रोकना चाहते हैं। वह दोनों देशों से कई बार अपील कर चुके हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली है।




### तेजस एमके1ए प्रोग्राम को मिलेगी रफ्तार

वायुसेना ने दिया है 83 तेजस एमके1ए विमानों का ऑर्डर

# अमेरिका ने भारत को सौंपा जीई-एफ404 इंजन




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी कंपनी जीई एयरो स्पेस ने बुधवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हाल) को चौथा जीई-एफ404-आईएन20 इंजन सौंप दिया। यह आपूर्ति 2021 में हुए 716 मिलियन डॉलर के समझौते के तहत की जा रही है। इन इंजनों का इस्तेमाल लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस मार्क 1ए में होगा, जिसे आने वाले समय में भारतीय वायुसेना में शामिल किया जाना है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 11 सितंबर को तीसरा जीई-404 इंजन प्राप्त किया था। सार्वजनिक क्षेत्र की इस कंपनी को उम्मीद है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक कुल 12 इंजन मिल जाएंगे। भारतीय वायुसेना ने 83 तेजस एमके1ए विमानों का ऑर्डर दिया है और 97 और विमानों की खरीद का प्रस्ताव अंतिम चरण में है। वायुसेना की योजना कुल 352 तेजस को शामिल करने की है।

### 2021 में समझौता

2021 में हुए समझौते के तहत जीई को 99 इंजन देने हैं, लेकिन सप्लाई चेन बाधाओं, खासकर एक दक्षिण कोरियाई कंपोनेंट सप्लायर की विफलता के चलते डिलीवरी शेड्यूल मार्च 2025 तक खिसक गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का कहना है कि इंजन सप्लाई अगले वित्तीय वर्ष से स्थिर हो जाएगी। कंपनी ने अनुमान जताया है कि 2026–27 तक उत्पादन क्षमता 30 विमान प्रति वर्ष तक पहुंच जाएगी, जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र दोनों साझेदार मदद करेंगे।

### एसबीआई के 'कब्जे' में बिल्ली, केरल हाईकोर्ट ने कहा लौटाने

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के कर्ज वसूली से जुड़े मामले में बैंक को अंतरिम आदेश में कहा, 'बैंक ने कर्जदार का घर सीज किया है, जहां उसकी बिल्ली भी है। बैंक घर की तलाशी ले, बिल्ली मिलती है तो मालिक को लौटाए।' मामला बैंक लोन न चुकाने से जुड़ा है। मामले में अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को होगी। दरअसल, मुहम्मद निशाद चेरथला और उसकी पत्नी ने बैंक से लोन लिया था। बदले में अपना घर गिरवी रखा था, लेकिन वो लोन नहीं चुका पा रहा था। उसने बैंक से लोन चुकाने के लिए और समय मांगा, लेकिन बैंक ने सरफाएसआई एक्ट में उसका घर सीज कर दिया।

रायपुर
गुरुवार, 2 अक्टूबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी
वर्ष : 24, अंक : 77
पृष्ठ : 16+8 = 24 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.1
न्यून. 24.7

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com







inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### कोबरा बटालियन के जवान की सर्पदंश से मौत

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सल-रोधी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई 'कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन' (कोबरा) के एक जवान की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक की पहचान 209 कोबरा बटालियन के संदीप कुमार के रूप में हुई है।

### मिट्टी के ढेर में दबने से दो मजदूरों की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में एक निर्माणाधीन स्थल पर मिट्टी के ढेर में दबने से दो कामगारों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। यह घटना मंगलवार शाम को माडीवाला की सिद्धार्थ कॉलोनी में तब हुई जब कामगार एक खंभे की नींव पर काम कर रहे थे। अचानक मिट्टी धंसने से उनमें से तीन कामगार मलबे में फंस गए।

# केंद्रीय कर्मचारियों को दिवाली गिफ्ट अब तीन फीसदी ज्यादा महंगाई भत्ता

## केंद्र ने गेहूं समेत 6 फसलों का बढ़ाया एमएसपी

दिवाली-दशहरा से पहले सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और किसानों को बड़ी सौगात दे दी। कैबिनेट ने बुधवार को केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का ऐलान किया गया। इसके साथ ही अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। यह बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी माना जाएगा। इधर, फसल विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6.59 प्रतिशत बढ़ाकर 2,585 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को लगभग 49.19 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों और 68.72 लाख पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में तीन प्रतिशत की वृद्धि की। डीए और डीआर अभी तक मूल वेतन/पेंशन का 55 प्रतिशत था और इसमें तीन प्रतिशत की वृद्धि एक जुलाई, 2025 से प्रभावी है। कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर का बकाया दिवाली से ठीक पहले अक्टूबर के वेतन के साथ दिया जाएगा। इसका मतलब है कि कर्मचारियों की सैलरी में तगड़ी बढ़ोतरी होगी। इससे कर्मचारी और पेंशनर्स त्योहारों पर जमकर खरीदारी करेंगे। यह बढ़ोतरी सातवें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर्स और ▶▶|शेष पेज 8 पर



- 49.19 लाख कर्मियों 68.72 लाख पेंशनभोगियों को लाभ
- एक जुलाई से होगा लागू, तीन महीने का मिलेगा एरियर्स

### केंद्रीय मंत्रिमंडल के अन्य प्रमुख निर्णय

- 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने का जश्न देश भर मनाने का निर्णय
- जैव-चिकित्सा अनुसंधान कैरियर कार्यक्रम के तीसरे चरण पर मुहर
- असम में राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के कलियाबोर-नुमालीगढ़ खंड को चौड़ा करने को मंजूरी

### 57 नए केंद्रीय विद्यालय

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 57 नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए बुधवार को मंजूरी दी, जिससे 86 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इन 57 नए केंद्रीय विद्यालयों में से सात केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा और शेष राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित किए जाएंगे। नव स्वीकृत 20 केन्द्रीय विद्यालयों को ऐसे जिलों में खोलने का प्रस्ताव है, जहां केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण संख्या के बावजूद वर्तमान में कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है।

### गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपए

इधर, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छह रबी फसलों के लिए एमएसपी को मंजूरी दी है। गेहूं का एमएसपी 2,585 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। कुसुम (सैफ्लावर) के लिए एमएसपी में सबसे अधिक 600 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की गई है जबकि मसूर के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। रेपसीड एवं सरसों के लिए यह वृद्धि 250 रुपए प्रति क्विंटल है। चने के एमएसपी में 225 रुपए प्रति क्विंटल और जौ के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 170 रुपए प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। जौ का एमएसपी 1,980 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2,150 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है। प्रमुख रबी दालों में से चने का समर्थन मूल्य 5,650 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 5,875 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

# जनजातीय गौरव दिवस इस बार खास, राष्ट्रपति आएंगी, न्योता देने सीएम साय 5 को जाएंगे दिल्ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस को लेकर राज्य सरकार एक बड़ा कार्यकम करने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित करने 6 अक्टूबर को मिलने का समय मांगा है। बताया गया है कि मुख्यमंत्री 5 अक्टूबर की शाम को दिल्ली रवाना होंगे। दूसरे दिन 6 अक्टूबर को वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रीय ▶▶|शेष पेज 8 पर

- मुख्यमंत्री साय 5 को जाएंगे, 6 अक्टूबर को मुलाकात कर देंगे आमंत्रण

### आदिवासी समाज के उत्थान और कार्यक्रमों की शुरुआत

यह दिन पूरे देश के आदिवासी समुदायों के योगदान, उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को याद करता है। यह पहल आदिवासी समुदायों के योगदान को मान्यता देती है। इस अवसर पर आदिवासी समुदायों के सम्मान में देश भर में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसमें आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों के ▶▶|शेष पेज 8 पर




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; AARANG: V Shree Honda - 9993908971; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747; Shri Subh Honda (Balod)- 9425564232; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda - 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto - 7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590; MAGARLOD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000; NAGRI: Nahta Honda - 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932; PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 9425559359; Manraj Honda - 8435999991; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

## चिंतन

# अमीर-गरीब की खाई को कम करना बहुत जरूरी

इसमें कतई दोराय नहीं है कि भारत आर्थिक विषमतापूर्ण देश है। भारत के लोगों में अपनी आय, उपभोग क्षमता और संपत्ति को असलियत से कम बताए जाने की सोच रही है। अमीरी और गरीबी के बीच खाई यहां कोई नई बात नहीं है। यह व्यवस्था सदियों से चली आ रही है। जब राजतंत्र हुआ करता था तो कुछ विशेष वर्ग के लोग थे, जो धनी हुआ करते थे। जो संपूर्ण समाज का महज दस प्रतिशत थे, वही सभी लोगों पर नियत्रंण रखते थे, लेकिन अब हम राजतंत्र नहीं लोकतंत्र में पहुंच गए हैं और अमीर-गरीब की खाई कम होने की बजाए लगातार बढ़ रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है। धन का वितरण अत्यधिक असमान हो रहा है। इस खाई के मुख्य कारणों में नीतियों का ठीक से लागू न होना, कोरोना जैसी आपदाओं का असमान प्रभाव, तकनीकी प्रगति का लाभ उच्च वर्ग तक सीमित रहना और सामाजिक-आर्थिक संरचनाएं शामिल हैं। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में भी अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। अमीर की अमीरी लगातार बढ़ती जा रही है और गरीब और गरीब हो रहा है, यह कहना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। नब्बे के दशक में देश में हुए आर्थिक सुधारों के बाद बड़ी आबादी गरीबी रेखा से बाहर आ आई है। पिछले तीन दशकों के भीतर देश में प्रति व्यक्ति आय में भी तेजी से वृद्धि हुई है। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार 1991 में जहां देश में प्रति व्यक्ति जीडीपी 301 डॉलर थी, वहीं 2021 में यह बढ़कर 2,277 हो गई। यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2005-06 से 2015-16 के दौरान भारत में 27.1 करोड़ लोग अत्यंत गरीब वर्ग से बाहर निकलने में सफल रहे। यह सब आंकड़े सही हैं, साथ में यह भी सही है कि भारत में करोड़पतियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। वर्ष 2021 में आयकर भरने वाले 131,000 ने स्वयं को करोड़पति घोषित किया था। 2020 तक करोड़पतियों की संख्या 125,000 थी। वर्ष 2026 तक देश में करोड़पतियों की संख्या दोगुनी हो जाने की उम्मीद है। इसके अलावा ऐसे नागरिकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है जिनकी वार्षिक आय 10 लाख से एक करोड़ के बीच रही। वित्त वर्ष 2021 में ऐसे आयकर दाताओं की संख्या 73 लाख थी जो 2022 में बढ़कर 77 लाख हो गई। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार देश के किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। बड़ी जोत वाले किसानों की वार्षिक आय में जहां 2 फीसदी की वृद्धि हुई है, वहीं छोटे किसानों की आय में 10 फीसद की वृद्धि हुई है। एक अक्टूबर को एम3एम हुरुन रिच लिस्ट 2025 जारी की है। इस बार लिस्ट में 1,687 व्यक्तियों को शामिल किया गया। सभी अमीरों की कुल नेटवर्थ 167 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। ये हालात लोकतंत्र के लिए कतई सही नहीं हैं। जहां सबको समान अधिकार हैं तो धन वितरण में इतना अंतर क्यों। सरकार को इस स्थिति को सुधारने के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर अधिक खर्च करना होगा, रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे और ग्रामीण-शहरी असमानता को कम करने का प्रयास करना होगा। छोटे और मध्यम उद्योगों को इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने और उन्हें सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक सुविधाएं देने पर भी इस असमानता को कम किया जा सकता है। सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो धन के वितरण को अधिक समान बनाएं और सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करें तभी इस खाई को पाटा जा सकेगा।

# वो हैं प्रार्थना सभाओं का स्थायी चेहरा



गांधी जयंती
विवेक शुक्ला

88 साल की कात्सू सान की ऊर्जा देखने लायक है। उन्होंने सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के दौरान फखरुद्दीन अली अहमद, शंकर दयाल शर्मा, के.आर. नारायणन, एपीजे अब्दुल कलाम, प्रतिभा सिंह पाटिल, प्रणव कुमार मुखर्जी, राम नाथ कोविंद जैसे राष्ट्रपतियों तथा इंदिरा गांधी से लेकर नरेन्द्र मोदी तक के सामने बुद्ध धर्म ग्रंथों से प्रार्थना पढ़ी है। वो बीते कई महीनों से बीमार हैं। आप चाहें तो छोटे कद की कात्सू सान को देश की सबसे बुलंद गांधीवादी मान सकते हैं। आशा की जानी चाहिए कि कात्सू सान आगामी 30 जनवरी को गांधी जी के बलिदान दिवस पर होने वाली प्रार्थना सभा में अपनी मौजदूगी दर्ज करवाएंगी।

**मुंबई।** इस साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा'ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और रिकॉर्डतोड़ कमाई की। इसके बाद अब कई एनिमेटेड फिल्मों की घोषणा की जा चुकी है। इसी क्रम में अब महाभारत पर आधारित एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र'आ रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस सीरीज का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। 2 मिनट 31 सेकंड के इस ट्रेलर में महाभारत की कहानी दिखाई गई है। ट्रेलर में महाभारत के अलग-अलग घटनाक्रमों व अध्यायों का जिक्र देखने को मिलता है। जिसमें कृष्ण जी के अवतार से लेकर भीष्म पितामह का वध, अभिमन्यु का चक्रव्यूह में फंसना और द्रौपदी के चीरहरण तक का जिक्र किया गया है। 'कुरुक्षेत्र' एक सीरीज है, जो नेटफ्लिक्स पर 10 अक्टूबर से रिलीज हो रही है।

## हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो

**मुंबई।** एक्ट्रेस पत्रलेखा ने बताया उनके लिए असली शक्ति क्या है। उन्होंने कहा कि 'मैं हर महिला से कहना चाहती हूं कि कभी अपने अंदर की ताकत को कम मत आंकिए। जब भी आप असहाय महसूस करें, याद रखें कि सहनशीलता और धैर्य आपके अंदर ही हैं। नवरात्रि पर मां दुर्गा के साथ ही अपने अंदर की शक्ति और स्थिरता का भी जश्न मनाना चाहिए। अपनी ताकत को पहचानो और हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो। अपने अंदर की शक्ति को पहचानो, आत्म-जागरुक बनो और जीवन में हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो।' हालिया रिलीज फिल्म 'फुले' के बाद मुझे बहुत अच्छी और रोचक फिल्में मिल रही हैं। मैं जल्दी ही काम शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।



## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पखांजूर

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) ( छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की उत्तरवर्ती कम्पनी)

क्रमांक/कार्य/अभि./सं./सं./ सामा. / 2290 पखांजूर दिनांक 01.10.2025

### बिजली बंद होने की सूचना

सभी सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि संभागीय कार्यालय पखांजूर के अन्तर्गत उप संभाग पखांजूर 01 एवं 02 के अधीनस्त वितरण केन्द्रों पखांजूर / कापसी / बड़गाँव / मथुरा बजार / बांदे / छोटे-बेठियों के अन्तर्गत 33 एवं 11 केव्ही. फीडरों का दिपावी पर्व मरम्मत कार्य किया जाना है। अतएव नीचे दी गई सारणी के अनुसार अग्रलिखित दिनांक को समय प्रात 08:00 से दोपहर 02:00 बजे तक दर्शाये गये तिथियों में फीडर अनुसार विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। असुविधा के लिए खेद है। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03.10.2025 | बड़गांव | 11 के.व्ही. बड़गांव टॉउन फीडर | बड़गांव |
| 2 | 03.10.2025 | छोटेबेठिया | 11 के.व्ही. छोटेबेठियॉ फीडर | पी.व्ही.- 92, 91, 90, 88, छोटे बेठियॉ, बड़े बेठियॉ, बेनूर |
| 3 | 03.10.2025 | मथुरा बाजार | 11 के. व्ही. प्रतापपुर फीडर | पी.व्ही.-45, 121, 44, 124, 70, 71, 72, 69, 65, 64, 123, महला, प्रतापपूर |
| 4 | 03.10.2025 | कापसी | 11 के.व्ही. खैरकट्टा फीडर | पी.व्ही.- 01, 02, 04, 05, 06, 03, 119, उडुमगॉव, इरिकबुटा, आलोर, खैरकट्टा, खैरकट्टा कालोनी |
| 5 | 04.102025 | कापसी | 11 के.व्ही. कापसी टॉउन फीडर | ग्राम पी.व्ही.- 56,130, 07, 118, हरणगड, डोण्डे, पित्तेभोडियाँ, कापसी, कापसी नया कालोनी |
| 6 | 04.10.2025 | मथुरा बाजार | 11 के.व्ही. सोहगॉव फीडर | पी.व्ही.- 14, 13, 42, 129, 10, 55/7, मथुरा बजार, सोहगांव |
| 7 | 04.10.2025 | छोटेबेठिया | 11 के.व्ही. ताडवेली फीडर | पी.व्ही.- 93, 95, 96, आकमेटा, बेलोंदा, मारबेडा, माकुरकाल जुनावर रंगावाही, मोरखडी |
| 8 | 04.10.2025 | बड़गाँव | 11 के.व्ही. मण्डगाँव फीडर | मण्डगाँव, बडेझारकटटा, |
| 9 | 04.10.2025 | उदयपुर | 11 के.व्ही. इन्द्रप्रस्थ फीडर | पी.व्ही. 38 |
| 10 | 06.10.2025 | बांदे | 11 के.व्ही. बांदे फीडर | 11 के.व्ही. बांदे फीडर से निकालने वाली सभी फीडरों से सम्बंधित समस्त ग्राम |
| 11 | 06.10.2025 | मथुरा बाजार | 11 के.व्ही. एसेबेड़ा फीडर | पी.व्ही.- 15, 43, 128 |
| 12 | 06.10.2025 | कापसी | 11 के.व्ही. वारदा फीडर | पी.व्ही.- 57, 58, 63, 67, 68, 69, 132, 59, 60, बारदा, बडे कापसी, |
| 13 | 06.210.2025 | बड़गांव | 11 के.व्ही. बड़ेझारकट्टा फीडर | ग्राम- मासुर, पीपली, घोटीयाँ, मुड़ाबंडी, बडेझारकट्टा, मड़ले, मेण्ड्रा, छोटे झारकट्टा, गरकाबुआ, तरहुर, रामपुर |
| 14 | 06.10.2025 | छोटेबेठिया | 11 के.व्ही. सितराम फीडर | ग्राम- कंदाड़ी, बेचाघाट, आलदंड, खैरीपदर आगाटोला, सितराम, हिदुर, ठि पी.व्ही.-छिंदपदर |
| 15 | 06.10.2025 | गोण्डाधुर | 11 के.व्ही. कल्यानपुर फीडर | पी.सी. 27,16,113, 17, 133,47, 49.48, मुरझाड़, नयानरेकी, हॉकेर |
| 16 | 07.10.2025 | बांदे | 11 के.व्ही. कोरेनार फीडर | पी.व्ही.-83, 84, 85, 86, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 109, 110, 111, 102, 98, 99, 101, 100, 97, कुरेनार |
| 17 | 07.10.2025 | कापसी | 11 के.व्ही. प्रेमनगर फीडर | पी.व्ही.- 120, 34, 36,122 |
| 18 | 07.10.2025 | छोटेबेठिया | 11 के.व्ही. माचपल्ली फीडर | पी.व्ही.- 94, 62, माचपल्ली, बुरका, मुरभूस्सी, जामकुटनी, कलान कुटनी सहडोंगरी |
| 19 | 07.10.2025 | बडगाँव | 11 के.व्ही. कोण्ड फीडर | छिंदपाल कोण्डे, सरादुघामरें, लाटमार्क, जुई, खेड़ेगाँव |
| 20 | 07.10.2025 | पखांजूर | 11 के.व्ही. मिक्सफार्म फीडर | ग्राम पी.व्ही.-32, 25, 125, 20, 19, 26, 18, 30, 29, मिक्सफार्म, माटोली |
| 21 | 08.10.2025 | बांदे | 11 के.व्ही. मडोरा फीडर | पी.व्ही. - 79, 76, 78, 80, 75, 74, 73, 131, पालनदी, मंडोरा, फुरफंदी, निरदे, आड़ाफसी, मुराबंडी |
| 22 | 08.10.2025 | छोटेबेठिया | 33 के.व्ही. मथुरा बजार फीडर | 33/11 के. व्ही. सबस्टेशन छोटेबेठियो से निकालने वाली सभी फीडरों से सम्बंधित समस्त ग्राम |
| 23 | 08.10.2025 | पखांजूर | 11 के.व्ही. दुर्गापुर फीडर | पी.व्ही.- 23, 22, 21, 127 |
| 24 | 08.10.2025 | उदयपुर | 11 के.व्ही. रामकृष्णापुर फीडर | पी.व्ही. - 24, 37, 77, पेनकोडो, मसानकट्टा |
| 25 | 09.10.2025 | मथुरा बाजार | 11 के.व्ही. देवदा फीडर | पी.व्ही- 42, 10, 11, 129, 117, 12, 112, देवदा, ऐसेबेड़ा, मथुरा बाजार |
| 26 | 09.10.2025 | बांदे | 11 के.व्ही. छोटेबेठिया फीडर | पी.व्ही. 81, 82, 87, साबेर पिंडीकसा |
| 27 | 09.10.2025 | बड़गांव | 11 के.व्ही. चिखली फीडर | ग्राम- चिखली, नागीदा, इड़फार, दोइदेकादर, एनडुर, नरेटीटोला, हामतबाही, पालवी, गुरवंडी, जहर खैड़ागाँव |
| 28 | 09.10.2025 | पखांजूर | 11 के.व्ही. जगन्नाथपुर फीडर | नया गोण्डार पी.व्ही.-33, 40, 41, 41/23 पास |
| 29 | 10.10.2025 | बांदे | 33 के. व्ही. बांदे फीडर | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन बांदे से निकालने वाली सभी फीडरों से सम्बधित समस्त ग्राम |
| 30 | 10.10.2025 | पखांजूर | 11 के.व्ही. कापसी फीडर | पी.व्ही.- 31, 08, 09, माटोली (फारेस्ट), माटोली कुम्हार पारा |
| 31 | 11.10.2025 | पखांजूर | 11 के.व्ही. पखांजूर टॉउन फीडर | पखांजूर नगर पंचायत क्षेत्र |
| 32 | 13.10.2025 | गोण्डाहुर | 11 के.व्ही. आनंदनगर फीडर | पी.व्ही. - 50, 51, 52, 53, 54, कुरूषबोडी, ढोरकट्टा, गोण्डाहुर कालोनी |
| 33 | 14.10.2025 | पखांजूर | 11 के.व्ही. संगम फीडर | ग्राम पी.व्ही.- 115, 55/3, 4, 5, 6, 7 |
| 34 | 15.10.2025 | गोण्डाहुर | 11 के.व्ही. चंदीपुर फीडर | पी.व्ही. - 28, 36, 29, 114, |
| 35 | 16.10.2025 | गोण्डाहुर | 33 के.व्ही. गोण्डाहुर फीडर | 33/11 के.व्ही. सबस्टेशन गोण्डाहर से निकालने वाली सभी फीडरों से सम्बधित समस्त ग्राम |
| 36 | 17.10.2025 | उदयपुर | 11 के.व्ही. जानकीनगर फीडर | पी.व्ही. - 391/2, 45, 121, 44, घोड़ागॉव, अंजाडी |

कार्यपालन अभियंता (सं./से.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लिमि. पखांजूर



### चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान घटाकर 2.6 फीसदी किया

# आरबीआई ने जीडीपी वृद्धि अनुमान बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत किया, महंगाई अनुमान घटाया

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने वृद्धि अनुमान को बुधवार को संशोधित कर 6.8 प्रतिशत कर दिया। साथ ही सामान्य से बेहतर मानसून एवं जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के आधार पर मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 2.6 प्रतिशत किया है।*

एजेंसी ▶▶| मुंबई

केंद्रीय बैंक ने अगस्त में 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडपी) की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत और मुद्रास्फीति के 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि तेजी से बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच घरेलू मोर्चे पर महत्वपूर्ण घटनाक्रमों ने भारत में वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति को लेकर विचार को बदल दिया है।

#### उपभोग व वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा

गवर्नर ने कहा, " अच्छे मानसून के साथ, भारत की अर्थव्यवस्था आर्थिक वृद्धि दर 2025-26 की पहली तिमाही में बेहतर रही और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन मजबूत रहा। साथ ही खुदरा मुद्रास्फीति में भी उल्लेखनीय कमी आई है। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों को युक्तिसंगत बनाने के बारे में उन्होंने कहा कि इससे मुद्रास्फीति पर नरमी का प्रभाव पड़ने की संभावना है, साथ ही उपभोग और वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### खाने के दामों में तेज गिरावट आई

मल्होत्रा ने कहा कि 2025-26 के दौरान अब तक मुद्रास्फीति की स्थिति अनुकूल बनी हुई है और वास्तविक परिणाम अनुमान से काफी कम रहे हैं। उन्होंने कहा कि कम मुद्रास्फीति मुख्य रूप से खाने के सामान के दामों में तेज गिरावट के कारण है जिसे आपूर्ति की बेहतर संभावनाओं एवं आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के सरकारी उपायों से मदद मिली है।



- सामान्य से बेहतर मानसून व जीएसटी दर घटने से घटाया अनुमान
- जीडपी की वृद्धि दर 6 .5 प्रतिशत और मुद्रास्फीति 3 .1 प्रतिशत रहने की उम्मीद
- भारत की अर्थव्यवस्था पहली तिमाही में रही बेहतर

#### आरबीआई का कदम संतुलित : विशेषज्ञ

*भारतीय उद्योग जगत और विशेषज्ञों ने ब्याज दर अपरिवर्तित रखने के निर्णय को 'संतुलित' बताया और उम्मीद जताई कि केंद्रीय बैंक दिसंबर की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर रेपो में कमी करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने नीतिगत दर यानी रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखते हुए 'तटस्थ' रुख बनाए रखा है। साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही में आर्थिक गतिविधियों में मजबूती को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है।*

## आठ दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

रेपो दर को स्थिर रखने और वृद्धि अनुमान बढ़ाने के रिजर्व बैंक के कदम से घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को काफी उत्साह रहा और यह आठ दिनों की लगातार गिरावट से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स 716 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 225 अंकों की तेजी रही। विश्लेषकों ने कहा कि मौद्रिक घोषणा के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने भी स्थानीय निवेशकों की धारणा को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 715.69 अंक उछलकर 80,983.31 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 225.20 अंक चढ़कर 24,836.30 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"शेयर बाजार में एक व्यापक दायरे में कारोबार हुआ। रिजर्व बैंक का फैसला उम्मीदों के अनुरूप रहने के साथ अधिक संरचनात्मक रहा।

## मारुति की बिक्री सितंबर में तीन प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की सितंबर महीने में कुल बिक्री सालाना आधार पर तीन प्रतिशत बढ़कर 1,89,665 इकाई हो गई। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने कुल 1,84,727 वाहन बेचे थे। नवरात्रि के पहले आठ दिनों में रिकॉर्ड 1,65,000 इकाई की डिलीवरी के रूप में देखने को मिला।' हालांकि, कंपनी के घरेलू यात्री वाहन डीलरों को भेजे गए वाहन आठ प्रतिशत घटकर 1,32,820 इकाई रह गए, जो पिछले साल सितंबर में 1,44,962 इकाई थे। ऑल्टो और एस-प्रेसो सहित छोटी कारों की बिक्री सितंबर 2024 में 10,363 इकाई थीं जो सितंबर 2025 में 30 प्रतिशत घटकर 7,208 इकाई रह गई।

## जीएसटी संग्रह सितंबर में 1.89 लाख करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.89 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। दरों को युक्तिसंगत बनाने के कारण बिक्री में वृद्धि से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।सितंबर 2024 में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपये और अगस्त 2025 में यह 1.86 लाख करोड़ रुपये था। आंकड़ो के अनुसार, सितंबर 2025 में सकल घरेलू राजस्व 6.8 प्रतिशत बढ़कर 1.36 लाख करोड़ रुपये हो गया जबकि आयात कर 15.6 प्रतिशत बढ़कर 52,492 करोड़ रुपये हो गया।जीएसटी 'रिफंड' भी सालाना आधार पर 40.1 प्रतिशत बढ़कर 28,657 करोड़ रुपये हो गया। सितंबर 2025 में शुद्ध जीएसटी राजस्व 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर पांच प्रतिशत अधिक है।

- संग्रह में 9 .1 प्रतिशत का उछाल देखने मिला
- बिक्री में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह में वृद्धि

## बीपीसीएल की लक्की ड्रा, धमाका स्कीम

**रायपुर।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड का 'वादा-खुशियाँ होंगी और ज्यादा' त्यौहारी सीजन के अवसर पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के डीलरो द्वारा ग्राहकों के लिए विशेष 'लकी ड्रा धमाका स्कीम' लेकर आया है। इस स्कीम के तहत ग्राहक पेट्रोल, डीजल एवं लुब्रिकेंट्स की खरीद पर आकर्षक उपहार जीतने का अवसर पा सकेंगे। स्कीम में भाग लेने के लिए न्यूनतम 200 रुपए का पेट्रोल, 1500 रुपए का डीजल, 1 लीटर लुब्रिकेंट्स, 20 लीटर डीईएफ खरीदने पर इनाम एवं लाभ मिलेगा। हर 15 दिन में लकी ड्रा के माध्यम से निश्चित उपहार जीतने का सुनहरा अवसर मिलेगा। मेगा ड्रॉ में ग्राहकों को कार, बाइक, टीवी, जीतने का सुनहरा मौका है। स्कीम की अवधि-01 अक्टूबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक है। ग्राहक बीपीसीएल रिटेल आउटलेट पर ईंधन भरवाकर क्यूआर कोड स्कैन कर या एसएमएस के माध्यम से इस स्कीम में शामिल हो सकते हैं। इस स्कीम का शुभारंभ बीपीसीएल के प्रादेशिक प्रबंधक नंदिश वाधवन, प्रादेशिक समन्वयक हर्षा, विक्रय अधिकारी अतुल कुमार एवं लक्ष्य कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।



### बिजनेस साइट

## एनएमडीसी ने पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड्स में 15 पुरस्कार जीते



**हैदराबाद।** भारत की अग्रणी लौह अयस्क उत्पादक कंपनी एनएमडीसी ने गोवा में आयोजित पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पुरस्कार और 3 सांत्वना पुरस्कार जीते। इस अवसर पर कंपनी को कॉर्पोरेट उत्कृष्टता, समावेशी नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी में उसके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पी. अशोक गजपति राजू, केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक और विधानसभा अध्यक्ष गणेश गांवकर ने पुरस्कार प्रदान किए। एनएमडीसी की ओर से महाप्रबंधक पी. जयप्रकाश ने टीम के साथ यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि ये पुरस्कार एनएमडीसी की सकारात्मक छवि और हमारी टीम की रचनात्मकता का प्रमाण हैं। यह उपलब्धि कंपनी के संचार और सामाजिक प्रतिबद्धता में नेतृत्व को दर्शाती है।

## रिलायंस डिजिटल का 'फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स' शुरू, पाएं शानदार ऑफर्स

**मुंबई।** फेस्टिव सीजन की धमाकेदार शुरुआत करते हुए रिलायंस डिजिटल ने अपने 'फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स' सेल की घोषणा की है। इस सेल में ग्राहक कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और नई टेक्नोलॉजी पर आकर्षक छूट और ऑफर्स पा सकते हैं। 25 अक्टूबर तक चलने वाली इस सेल में ग्राहक रिलायंस डिजिटल, माय जियो स्टोर्स, जियो मार्ट डिजिटल स्टोर्स और वेबसाइट पर खरीदारी कर सकते हैं। ऑफर्स में जीएसटी कम कीमतें और चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर 15,000 रुपए तक का इंस्टेंट डिस्काउंट शामिल है। इसके अलावा, पेपर फाइनेंस के जरिए ग्राहक 30,000 रुपए तक के कैशबैक का लाभ भी उठा सकते हैं। इस फेस्टिवल के तहत इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेस खरीदना अब और भी आसान और किफायती हो गया है।

## त्योहारी सीजन में हीरो मोटोकॉर्प के दोपहिया वाहनों को ग्राहकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स

**नई दिल्ली।** नवरात्रि और दशहरा के साथ ही देशभर में दोपहिया वाहनों की बिक्री में तेज उछाल देखने को मिल रहा है। हीरो मोटोकॉर्प ने बताया कि इस फेस्टिव सीजन की शुरुआत से ही ग्राहकों की संख्या में दोगुना इजाफा हुआ है। खासकर 100सीसी और 125सीसी सेगमेंट में मांग बढ़ी है, जिसे हाल ही में लागू हुए जीएसटी लाभ से मजबूती मिली है। हीरो मोटोकॉर्प के अनुसार, इस साल शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही पिछले साल की तुलना में 50% से ज्यादा रही। नवरात्रि के पहले ही दिन बिक्री दोगुनी हो गई। कंपनी के चीफ बिजनेस ऑफिसर आशुतोष वर्मा ने कहा कि ग्राहकों की तत्काल खरीदारी की प्रवृत्ति बढ़ी है और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रोडक्ट्स की पूछताछ में तीन गुना उछाल आया है। कंपनी ने हाल ही में डेस्टिनी 110, एचएफ डिलक्स प्रो जैसे नए मॉडल पेश किए हैं। साथ ही, 'हीरो गुडलाइफ फेस्टिव कैंपेन' के तहत ग्राहकों को कैशबैक, सोने के सिक्के जैसे कई फायदे दिए जा रहे हैं। 'आया त्योहार, हीरो पे सवार' टैगलाइन के साथ चल रहा यह अभियान ग्राहकों के बीच खासा लोकप्रिय हो रहा है।


epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Bhilai - 6267575723

Appointment आवश्यकता

दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु 10-12 लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है।वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें- लाईट एन लाईट, जवाहर नगर चौक, एमजी रोड, रायपुर (RO-1654)

मार्केटिंग कार्य

आवश्यकता है- रायपुर में मार्केटिंग कार्य करने के लिए अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन-10,000 से 20,000 महीना + बोनस , योग्यतानुसार पता- आमापारा चौक रायपुर संपर्क करें- 8959336728.(RO-6727)

सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के-लड़कियां एवं सेल्समैन-सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन 10000/- से 15000/- तक +कमीशन संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल:- 9329103178.(RO-301)

ऑपरेटर/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में कार्य हेतु 04, पद कंप्यूटर 03 पद पैकिंग 03 पद अकाउंट व मार्केटिंग 02 पद डिलीवरी 02 पद रूम रहने की व्यवस्था है करमचंद डिस्ट्रीब्यूटर देवपुरी 9827166180. (RO-6721)

वार्डन/ड्रायवर

आवश्यकता है- हॉस्टल में आवश्यकता है। लेडिज वार्डन, कंप्यूटर जानकर, ड्राइवर+ गार्ड, नशा मुक्त एकल व्यक्ति, रहने खाने की सुविधा, ड्राइविंग लाइसेंस जरूरी, अनुभवी एवं शाकाहारी को प्राथमिकता जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका रायपुर- 8959906595.(RO-7384)

अन्य

आवश्यकता है- लिमिटेड कंपनी को जरूरी अनपड से 10 वी पास लड़कों की एयरपोर्ट जॉब ग्राउंड स्टाफ, हेल्पर, लोडर, ड्राइवर, सुपरवाइजर, सिक्योरिटी, डाटा एंट्री, सैलरी 28500/- से 45500/- ( रहना+खाना फ्री) - 09211591851.(RO-1180)

क्लासीफाईड

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - VIP एयरपोर्ट रोड, रजवाड़ा रिजॉर्ट से लगा हुआ, ड्रीम सिटी के अंदर, रायपुर प्राइम लोकेशन पर 100x100 (10000) Sqft का प्लाट बेचना है। रेट 2500/- Sqft संपर्क करें:- 9893163953, 7869138009.(RO-300)

प्लॉट बेचना है - प्लॉट साइज 21x36 =756 स्क्वायर फीट फ्रंट 21 फीट, लेंथ= 36 फीट, कर्मा धाम मंदिर के पीछे हनुमान नगर, कृष्णा नगर, वार्ड नंबर 55 संतोषी नगर रायपुर छत्तीसगढ़. हितेन्द्र कुमार साहू सर- 9516851107. (RO-6718)

प्लॉट बेचना है - त्यौहारी ऑफर दुर्ग में चंदखुरी भाठा कुथरेल खार में प्लॉट ही प्लॉट पुलगांव चौक से मात्र 10 मिनट की दूरी पर 551 रुपए फिट में उपलब्ध रजिस्ट्री डायवर्सन फ्री संपर्क 9770047215, 6260058087.(आरो-1662)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।









आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Gold Medalist, IUK) MD (Pathology, Utkal University)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG), F.M.A.S FRM (Gujarat University), DRM (Germany) स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
उपलब्ध विशेषताएं • पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • यौन रोग • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सिस्ट, सोनोग्राफी, • बांझपन का संपूर्ण इलाज • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

NMH निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टिकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

## महिला वनडे विश्व कप : ऑस्ट्रेलियाई ने न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया

# ऑस्ट्रेलिया के विशाल स्कोर के सामने न्यूजीलैंड पस्त गार्डनर ने 77 गेंद में मारी सेंचुरी, लगाए 16 चौके

एजेंसी ▶▶| इंदौर

अनुभवी हरफनमौला एशले गार्डनर (115 रन) के शतक के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के अपने शुरुआती मुकाबले में बुधवार को न्यूजीलैंड को 89 रन से शिकस्त दी। गार्डनर के दूसरे वनडे शतक से ऑस्ट्रेलियाई टीम टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद शुरुआती झटकों से उबरने में सफल रही और 49.3 ओवर में 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा करके आउट हो गई। गार्डनर ने 77 गेंद में अपना दूसरा वनडे शतक जड़ा। उन्होंने इस दौरान 16 चौके और 1 छक्का लगाया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम कप्तान सोफी डेविने (111 रन, 112 गेंद) की पारी के बावजूद 43.2 ओवर में 237 रन पर सिमट गई, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की शानदार गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई। ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज अनाबेल सदरलैंड (26 रन देकर तीन विकेट) तथा अलाना किंग (44 रन देकर दो विकेट) और सोफी मोलिनू (25 रन देकर तीन विकेट) की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया।




### न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब

न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर में बिना रन जुटाए अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर के विकेट गंवा दिए थे। बेट्स जहां मोलिनू की गेंद पर बोल्ड हुई तो वहीं प्लिमर रन आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर और डेविने ने पारी को संभाला, पर टीम शुरूआती झटकों से उबरने में नाकाम रही। डेविने ने अमेलिया केर (33 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन, ब्रुक हालिडे (28 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन और इसाबेला गेज (28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 54 रन की भागीदारी निभाई। इतना ही काफी नहीं था और डेविने के आउट होते ही पूरी टीम जल्द ही सिमट गई।

### नंबर-6 में शतक लगाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनी एश्ले

आस्ट्रेलिया की कप्तान गार्डनर ने शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया को 326 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की। गार्डनर ने अपनी पारी के दौरान 83 गेंद का सामना करते हुए 16 चौके और एक छक्का लगाया। गार्डनर 19वें ओवर में क्रीज पर उतरीं, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था। उन्होंने महज 77 गेंद में अपना दूसरा वनडे शतक जड़ दिया और टीम के बड़े स्कोर की नींव रखी। अपना 81वां मैच खेल रही गार्डनर आखिर में 47वें ओवर में आउट हो गईं लेकिन तब तक उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर बना लिया था और ऑस्ट्रेलियाई टीम भी 300 रन के पार पहुंच चुकी थी। वहीं इस शतकीय पारी के साथ गार्डनर महिला वनडे वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली ऐसी खिलाड़ी बन गई, जो नंबर-6 या उससे नीचे बल्लेबाजी करने के साथ शतकीय पारी खेलने में कामयाब हुई।

## वैभव ने 86 बालों में ठोका शतक, ऑस्ट्रेलियाई बॉलरों की उड़ाई धज्जियां

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

वैभव सूर्यवंशी ने टी20 शैली में 86 गेंद में 113 रन बनाए जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 140 रन की पारी खेलकर भारत की अंडर 19 टीम को मेजबान आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में बुधवार को 185 रन की बढत दिला दी। भारत की अंडर 19 टीम ने 81.3 ओवर में 428 रन बनाए। आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम ने पहली पारी में 243 रन बनाए थे। दूसरी पारी



में उसने दूसरे दिन एक विकेट पर आठ रन बना लिए थे। अभी भी वह भारतीय टीम से 177 रन पीछे है। 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में शतक जमाने वाले सूर्यवंशी ने पारी के पहले ही ओवर में हेडन शिलेर को चौका जड़ा था। उन्होंने त्रिवेदी के साथ 152 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी । सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 8 छक्के और 9 चौके लगाए।

## सबसे ज्यादा रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने अभिषेक

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेजी से उभरते हुए भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इतिहास के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की जबकि वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। पाकिस्तान के सईम अयूब हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। हाल में हुई एशिया कप में भारत की खिताबी जीत के बाद अभिषेक ने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ 931 अंक के साथ लगभग पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।



### अभिषेक ने मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा

आईसीसी ने बताया कि 25 साल के अभिषेक ने 2020 में बनाए इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा। एशिया कप के दौरान 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अभिषेक ने टीम के अपने साथियों सूर्यकुमार यादव (912) और विराट कोहली (909) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक को भी पीछे छोड़ा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले अभिषेक ने एशिया कप के सात मैच में 44.85 के औसत से 314 रन बनाए। अभिषेक दूसरे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से 82 रेटिंग अंक आगे हैं।

### सिनर ने दूसरी बार जीता चाइना ओपन का खिताब



**बीजिंग।** इटली के जैनिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल फाइनल में अमेरिकी युवा खिलाड़ी लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरी बार चाइना ओपन का खिताब अपने नाम किया। दुनिया के नंबर-2 और शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने सिर्फ 34 मिनट में पहला सेट जीत लिया और फिर दूसरे सेट में भी दबदबा बनाए रखा।19 वर्षीय टिएन, जो अपने पहले एटीपी फाइनल में उतरे थे, शुरुआती चार गेम तक टक्कर देते रहे लेकिन सिनर ने पांचवें और सातवें गेम में उनकी सर्विस तोड़कर मैच पर कब्जा कर लिया। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 1 घंटे 12 मिनट में सीधी सेटों में जीत हासिल की। यह सिनर का लगातार तीसरा बीजिंग फाइनल था।

### लंबा ब्रेक, बड़ी छलांग से पहले का विराम : अमनजोत

**गुवाहाटी।** चोटों, असफलताओं और महीनों के पुनर्वास ने ऑलराउंडर अमनजोत कौर की भूख को और बढ़ा दी है और 25



वर्षीय इस खिलाड़ी का मानना है कि जिस तरह एक घायल शेर फिर से हमला करने से पहले पीछे हट जाता है, चोट के कारण उनका लंबा ब्रेक एक बड़ी छलांग से पहले का एक विराम मात्र था। श्रीलंका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के पहले मैच में अमनजोत और दीप्ति शर्मा ने अच्छी साझेदारी करके भारत को संकट से निकालकर 59 रन से जीत दिलाई। अमनजोत ने मैच के बाद कहा,' जैसे कहते हैं कि घायल शेर एक कदम पीछे लेता है लंबी छलांग मारने के लिए। ऐसा लगता है कि आप लोग मुझे मेरी पंक्तियों के लिए मशहूर कर दोगे।

### बांग्लादेश-पाकिस्तान के बीच मुकाबला आज

**कोलंबो।** महिला वनडे विश्व कप में कमजोर टीमों में गिनी जा रही पाकिस्तान और बांग्लादेश गुरुवार को एक दूसरे के आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन करने का होगा। फातिमा सना की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम अपने सारे मैच कोलंबो में खेलेगी, जिसमें भारत के खिलाफ रविवार को होने वाला मैच भी शामिल है। दोनों टीमों ने क्वालीफिकेशन के जरिए विश्व कप में जगह बनाई है। पाकिस्तान क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहा था जबकि बांग्लादेश दूसरे स्थान पर था।






छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
www.cghb.gov.in
की ओर से
नवरात्रि, दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं।

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अटल विहार योजना के अंतर्गत आवासीय एवं व्यवसायिक भवन प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

बुकिंग की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2025

www.cghb.gov.in → ONLINE BOOKING → BOOK PROPERTY ONLINE

भुरकोनी, रायपुर, अटल विहार योजना अंतर्गत निर्माणाधीन/प्रस्तावित स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का कुर्सी क्षेत्र. (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एम.आई.जी.(स्वतंत्र भवन) (2 बी. एच. के.) | 1614.00 | 993.90 | 760.95 | 31.52 | 3.15 |
| 2. | एल.आई.जी.(स्वतंत्र भवन) (2 बी. एच. के.) | 1063.09 | 595.35 | 523.37 | 20.13 | 0.50 |
| 3. | ई.डब्ल्यू.एस.(स्वतंत्र भवन) (1 बी. एच. के.) | 591.80 | 373.16 | 319.36 | 9.56 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 0771-4903223, 9424209041, 7898710154, 9907840881, 9993339779, 8269069091

गोबरा, नवापारा, जिला-रायपुर में अटल विहार योजना अंतर्गत निर्मित स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | एल. आई. जी. टाईप- I (2 बी. एच. के.) | 1032.96 | 568.67 | 550.48 | 19.05 | 0.50 |
| 5. | ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी. एच. के.) | 435.78 | 312.04 | 253.72 | 7.41 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9340036657, 9826188132, 9424209041, 9827158516, 9926479902, 7697777082, 9893763349, 9575029157, 7999815734

उरला, अभनपुर में अटल विहार योजना अंतर्गत निर्मित स्वतंत्र एवं प्रकोष्ठ भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवनों का कुर्सी क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का कार्पेट एरिया (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6. | सिनि. एम.आई.जी. टाईप- II (2 बी.एच.के.) | 2796.52 | 1076.25 | 865.32 | 44.48 | 4.45 |
| 7. | सिनि. एम.आई.जी. टाईप- II (2 बी.एच.के.) | 2672.78 | 1076.25 | 865.32 | 43.60 | 4.36 |
| 8. | सिनि. एम.आई.जी. टाईप- II (2 बी.एच.के.) | 2041.71 | 1076.25 | 865.32 | 39.05 | 3.91 |
| 9. | जुनि. एम.आई.जी. टाईप- II (2 बी.एच.के.) | 1507.75 | 982.90 | 752.88 | 33.46 | 3.35 |
| 10. | ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट (1 बी.एच.के.) | - | 403.00 | 326.67 | 5.52 से 5.87 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9340036657, 9826188132, 9424209041, 9827158516, 9926479902, 7697777082, 9893763349, 9575029157, 7999815734

मरारपारा, कोंडागांव, अटल विहार योजना अंतर्गत निर्माणाधीन स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का कुर्सी क्षेत्र. (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | एल. आई. जी. (स्वतंत्र) (1 बी. एच. के.) | 1032.96 | 592.34 | 519.49 | 20.89 | 0.50 |

सम्पर्क सूत्र - 07786-16919471, 8109135551, 9424289239, 8319110750, 9399584208

श्रीराम नगर, कांकेर, अटल विहार योजना अंतर्गत प्रस्तावित स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12. | सिनि. एम.आई.जी. - III (2 बी. एच. के.) | 2041.71 | 1157.02 | 965.32 | 44.13 | 4.41 |
| 13. | सिनि. एम.आई.जी. - II (2 बी. एच. के.) | 2041.71 | 1076.00 | 709.99 | 39.24 | 3.92 |
| 14. | जुनि. एम.आई.जी. - III (2 बी. एच. के.) | 1507.80 | 852.51 | 699.77 | 34.83 | 3.48 |
| 15. | जुनि. एम.आई.जी. - II (2 बी. एच. के.) | 1507.80 | 982.93 | 599.48 | 30.35 | 3.03 |

सम्पर्क सूत्र - 8109135551, 7697192220, 7587245208, 8319110750, 9399584208

चितालंका, दन्तेवाड़ा, अटल विहार योजना अंतर्गत निर्मित स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स.क्रं. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16. | एच.आई.जी. टाईप- II (बैटर 2 बी.एच.के.) | 2517.84 | 1239.01 | 922.88 | 30.85 | 3.09 |
| 17. | एच.आई.जी. टाईप- II (कार्नर बैटर 2 बी.एच.के.) | 2517.84 | 1239.01 | 922.88 | 31.70 | 3.17 |
| 18. | सिनि. एम.आई.जी. टाईप- II (2 बी.एच.के.) | 2041.71 | 1076.00 | 779.23 | 25.72 | 2.57 |
| 19. | सिनि. एम.आई.जी. टाईप- II (बैटर 2 बी.एच.के.) | 2041.71 | 1076.00 | 779.23 | 26.05 | 2.61 |
| 20. | सिनि. एम.आई.जी. टाईप- II (कार्नर 2 बी.एच.के.) | 2041.71 | 1076.00 | 779.23 | 26.40 | 2.64 |
| 21. | सिनि.एम.आई.जी. टाईप- II (कार्नर बैटर 2 बी.एच.के.) | 2041.71 | 1076.00 | 779.23 | 26.70 | 2.67 |
| 22. | जूनि. एम.आई.जी. टाईप- II (बैटर 2 बी.एच.के.) | 1507.79 | 982.92 | 726.19 | 21.00 | 2.10 |
| 23. | एल. आई. जी. (बैटर 1 बी. एच. के.) | 1032.96 | 531.97 | 461.60 | 10.65 | 0.50 |
| 24. | ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी. एच. के.) | 435.78 | 312.04 | 279.43 | 4.40 | 0.25 |
| 25. | ई. डब्ल्यू. एस. (बैटर 1 बी. एच. के.) | 435.78 | 312.04 | 279.43 | 4.43 | 0.25 |
| 26. | ई. डब्ल्यू. एस. (कार्नर 1 बी. एच. के.) | 435.78 | 312.04 | 279.43 | 4.45 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9826391128, 7999928405, 6260052655, 9926887809, 8225956700

गुरूर, जिला-बालोद, अटल विहार योजना, फेस-I के अंतर्गत प्रस्तावित स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27. | जूनि. एम. आई. जी. (2 बी.एच.के.) | 1501.02 | 853.48 | 614.40 | 25.71 | 2.57 |
| 28. | एल. आई. जी. (2 बी.एच.के.) | 1032.96 | 592.33 | 445.57 | 15.57 | 0.50 |
| 29. | एल. आई. जी.- I (2 बी.एच.के.) | 968.40 | 558.98 | 413.72 | 14.12 | 0.50 |
| 30. | ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी.एच.के.) | 603.63 | 396.50 | 317.53 | 7.27 | 0.50 |

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 9200192752, 9926146493, 7771805020, 9907749771, 9516996027, 7566633725, 9993339399, 7974333853

सिवनी, जिला-बालोद, अटल विहार योजना, फेस II के अंतर्गत प्रस्तावित स्वतंत्र भवन/दुकान उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31. | जूनि. एम. आई. जी. - II (2 बी.एच.के.) | 1507.75 | 852.41 | 683.80 | 24.82 | 2.48 |
| 32. | युटिलिटी दुकान | 185.93 | 185.93 | 185.93 | 5.41 | 0.54 |

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 9200192752, 9926146493, 7771805020, 9907749771, 9516996027, 7566633725, 9993339399, 7974333853

पोटियाडीह, जिला-धमतरी, अटल विहार योजना, फेस 5 के अंतर्गत प्रस्तावित स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33. | जूनि. एम. आई. जी. (2 बी.एच.के.) | 1089.45 | 691.65 | 621.28 | 20.40 | 2.04 |
| 34. | ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी.एच.के.) | 484.20 | 328.72 | 279.87 | 6.48 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 9200192752, 9926146493, 7771805020, 9907749771, 9516996027, 7566633725, 9993339399, 7974333853

पोटियाडीह, जिला-धमतरी, अटल विहार योजना, फेस 4 के अंतर्गत निर्माणाधीन स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35. | सिनि. एम. आई. जी. (2 बी.एच.के.) | 1533.30 | 937.63 | 706.29 | 30.33 | 3.03 |
| 36. | ई. डब्ल्यू. एस. (1 बी.एच.के.) | 484.20 | 328.72 | 279.87 | 6.48 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 8827667477, 9200192752, 9926146493, 7771805020, 9907749771, 9516996027, 7566633725, 9993339399, 7974333853

बंधी, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा, मरवाही, अटल विहार योजना के अंतर्गत प्रस्तावित स्वतंत्र भवन उपलब्ध

| स. क्र. | उपलब्ध भवनों का प्रकार | भूखंड का क्षेत्रफल (वर्गफीट में) | भवन का बिल्टप एरिया (वर्गफीट में) | कार्पेट क्षेत्र. (वर्गफीट में) | भवनों का ऑफसेट मुल्य (रु. लाख में) | धरोहर राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37. | जूनि. एम. आई. जी. (स्वतंत्र 2 बी.एच.के.) | 1452.60 से 2272.83 | 830.13 | 655.28 | 26.50 से 33.07 | 2.65 से 3.31 |
| 38. | एल. आई. जी. (स्वतंत्र 2 बी.एच.के.) | 968.40 से 1980.38 | 602.02 | 485.28 | 16.91 से 21.89 | 0.50 |
| 39. | ई. डब्ल्यू. एस. (स्वतंत्र 1 बी.एच.के.) | 591.80 से 1246.22 | 405.33 | 335.39 | 7.83 से 9.50 | 0.25 |

सम्पर्क सूत्र - 9669452316, 9981435332, 9907953522, 9907285405, 9098444319, 9630271503

नियम एवं शर्ते : 1. धरोहर राशि ऑनलाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, यू.पी.आई., आर.टी.जी.एस. एन.ई.एफ.टी. द्वारा जमा किया जा सकता है। 2. स. क्र. 1 से 3 एवं 11 से 15 एवं 27 से 39 तक के भवनों/दुकानों का आबंटन स्ववित्तीय ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 3. स. क्र. 4 से 10, एवं 16 से 26 के भवनों का आबंटन जहाँ है जैसा है स्थिति में ऑफर ऑफर आधार पर ऑनलाईन के माध्यम से किया जाएगा। 4. ऑफसेट मूल्य से अधिक ऑफर प्रत्येक 15 दिवस में प्राप्त किया जाएगा जिन हितग्राहियों द्वारा भुगतान हेतु चालान के माध्यम से आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. का विकल्प चयन किया जाएगा, उन्हे एक अतिरिक्त बैंकिंग कार्य दिवस भुगतान हेतु प्रदान किया जाएगा। तदुपरांत आगामी कार्य दिवस में ऑफर खोला जाएगा। अवकाश होने की स्थिति में ऑफर अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। 5. ऑनलाईन ऑफर आवेदन केवल मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। 6. अन्य नियम एवं शर्ते आवेदन पत्र में उल्लेख अनुसार मान्य होगा। 7. अधिक जानकारी हेतु संबंधित संपदा अधिकारी/कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र से सम्पर्क करें या विजिट करें मण्डल की वेबसाईट : www.cghb.gov.in

अधिक जानकारी के लिये स्कैन करें

TOLL FREE NO. 1800-121-6313





# Own now at ₹ 111499 (1 unit)*

Get benefits worth ₹ 18500#

Pair up
Galaxy Watch8 Classic
Get ₹ 15000~ off

Samsung Care+
(Two year protection plan)
Starting ₹ 425/month^

HDFC BANK | Samsung Finance+™

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267864 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated, actual may vary. Actual UX/UI may vary. Color and feature as per availability. Samsung disclaims any and all liabilities thereof. Google and Gemini are trademarks of Google LLC. Results for illustrative purposes and may vary. Check responses for accuracy. Compatible with certain features and with certain accounts. Internet connection required. Available on select devices, languages, and countries. Only available to users 18 years and older *T&C apply. Effective offer price of ₹ 111499 for 1 unit of Galaxy S25 Ultra 12GB|256GB, inclusive of instant cashback worth ₹ 6500 and an upgrade bonus worth ₹ 12000. #Cumulative benefits worth ₹ 18500, inclusive of instant cashback worth ₹ 6500 and an upgrade bonus worth ₹ 12000. Upgrade program provided by the brand/dealer at their sole discretion upon exchange of select devices. ~Discount amount of ₹ 15000 applicable only when purchasing 1 unit of Galaxy Watch8 Classic together with 1 unit of Galaxy S25 Ultra. ^1 unit of Samsung Care+ 2-year Complete Protection Plan worth ₹ 11999 available at ₹ 425/month, only when purchased with Galaxy S25 Ultra through Samsung Care+ partners. Customers are eligible for 1 claim per year under ADLD, as per applicable terms. Samsung Care+ EMI amount calculated post a 15% up-front down payment on the remaining 85% amount. Samsung disclaims any liabilities with the same. All third party logos/ marks shown are registered/owned/licensed logos/ marks of respective brand owners. Offers may be revised or withdrawn without prior notice.

Scan to meet your true AI companion

Or WhatsApp "S25" to 9870 494949 to buy at Samsung Exclusive Store

Cheil-29074/25


हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com